राज्यो सभा

तारांकित प्रश्नी संख्या *257

10 अगस्तप़ 2016 को उत्त र के लिए

बोकारो में अभियांत्रिकी और मेडिकल कॉलेजों की स्थापना

257*. **श्री महेश पोद्दार:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बोकारो स्टील लिमिटेड ने मानव संसाधन विकास एवं क्षेत्रीय संतुलित विकास के अंतर्गत किसी अभियांत्रिकी या मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं की है, जबकि अन्य छोटी इकाइयों में ऐसा किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या बोकारो स्टील लिमिटेड बोकारो में अभियांत्रिकी और मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

उत्तखर

इस्पाोत्मंत्री **(श्री चौधरी बीरेन्द्रि सिंह)**

(क) से (ख): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

***

“बोकारो में अभियांत्रिकी और मेडिकल कॉलेजों की स्थापना” के बारे में श्री महेश पोद्दार, संसद सदस्य, द्वारा राज्य सभा में दिनांक 10 अगस्ते, 2016 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *257 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

(क): बोकारो स्टीयल प्लांरट (बीएसएल) ने किसी इंजीनियरिंग / मेडिकल कालेज की स्थाअपना नहीं की है।

(ख): जी नहीं। तथापि , झारखण्डण सरकार द्वारा एक मेडिकल कालेज एवं अस्पीताल की स्थामपना के लिए 25 एकड़ भूमि उपलब्ध, कराने हेतु दिनांक 18.04.2016 को बोकारो के डिप्टी कमिश्नार से एक अनुरोध सेल में प्राप्तप हुआ है।

***